ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

क़ादर नवाज़ ख़ान
**Kadar Nawaz Khan**
कुलसचिव
**Registrar**

दूरभाष / Phone : +91-7152-230902
फैक्स / Fax : +91-7152-247602

क्रमांकः 003 / 1998 / वि.प. / 9(26)–88 / 17

दिनांक : 25.04.2017

## परिपत्र

विश्वविद्यालय की विद्या–परिषद की अगली (26वीं) बैठक दिनांक 29.04.2017 को साहित्य विद्यापीठ, विश्वविद्यालय परिसर, वर्धा में आयोजित की जा रही है।

विभागाध्यक्षों / केंद्र निदेशकों से हुई चर्चानुसार कार्यसूची में विभागों के स्कूल बोर्ड की बैठक के कार्यवृत्त के अनुमोदन के प्रस्ताव दिए गए हैं। प्रायः देखा गया है कि स्कूल बोर्ड की बैठकों के कार्यवृत्त को समयाभाव अथवा सामान्य प्रक्रिया के रूप में सहज स्वीकृति प्रदान कर दी जाती है। उचित होगा कि प्रस्ताव पारित करते समय मुख्य बिंदुओं से विद्या–परिषद अवगत हो।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय के समस्त विद्यापीठों के संकायाध्यक्षों से अनुरोध है कि –

- स्कूल बोर्ड की बैठक के कार्यवृत्त की 10 प्रतियाँ उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें ताकि बैठक में आवश्यकतानुसार उसे संबंधित को उपलब्ध करवाया जा सके।
- अपने संकाय से संबंधित स्कूल बोर्ड की बैठक के कार्यवृत्त की सॉफ्ट–कॉपी बैठक से पूर्व कुलसचिव कार्यालय में उपलब्ध करवाएं।
- कार्यवृत्त के प्रमुख बिंदुओं की संक्षिप्त प्रस्तुति (पावर प्वाइंट अथवा मौखिक रूप में) सुनिश्चित करें।
- समस्त विभागाध्यक्षों / केंद्र निदेशकों से अनुरोध है कि वे अपने–अपने विभाग / केंद्र से संबंधित स्कूल बोर्ड में रखे गए विषय यथा – अध्ययन मंडल आदि से संबंधित जानकारी की प्रस्तुति में आवश्यकता होने पर संकायाध्यक्ष को सहयोग करें।

यह सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार जारी किया जा रहा है।

क़ादर नवाज़
(क़ादर नवाज़ ख़ान) 26/04/17

प्रति : समस्त संबंधित।

प्रतिलिपिः ✪ कुलपति कार्यालय, ✪ प्रतिकुलपति कार्यालय, ✪ प्रभारी (अकादमिक),
✪ लीला प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

पोस्ट–हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
P.O. Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई–मेल / **E-mail:** registrar.mgahv@gmail.com; वेबसाइट / **Website:** www.hindivishwa.org